लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन (06.03.2025)

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्र सेविका समिति फरीदाबाद विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की ३००वीं जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के महासचिव श्री दिनेश गुप्ता (एडवोकेट)के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय में समय-समय पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम होते रहते हैं, इसी श्रृंखला में यह कार्यक्रम अग्रवाल महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ संजीव गुप्ता के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। दीपशिखा प्रज्ज्वलन एवं अतिथि स्वागत के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। प्राचार्य डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अहिल्याबाई का जीवन अनुकरणीय है, उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आज नारी को सशक्त होना चाहिए। समिति सदस्य ममता जी ने समिति का परिचय दिया ।इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, नाटक इत्यादि के माध्यम से अहिल्याबाई के जीवन वृत्त को समझाया और संवाद के माध्यम से नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार सांझा किये। राष्ट्र सेविका समिति की अधिकारी रजनी गुलाटी, जी सुषमा तोलंबिया जी सुनीता सिंघल जी के साथ-साथ समिति सदस्य श्रीमती किरण आनंद उपस्थित थी । महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ रेखा सेन, डॉ उषा चौधरी ,डॉ रेनू महेश्वरी, डॉ पूनम रैटुला एवं अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापकों के प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल हुआ। इस कार्यक्रम में अग्रवाल कॉलेज स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। समिति सदस्य सुषमा जी के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।